>

Title: Requests the Central Government to provide the approval of World Bank to the Virat Sagar Dam Project and allocate Rs. 350 Crore.

श्री गंगा चरण राजपूत (हमीरपुर) (उ.प्र.) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर जनपद में किसानों को खेती के लिए पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। इस समय जो गेहूं और मटर की फसलें बोई जा चुकी हैं, उनको पानी नहीं मिल पा रहा है। जो फसलें नहीं बोई गई हैं, उनके खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वहां के बांधों में भारी सिल्टिंग आ गई है। लैटूरा बांध

... (व्यवधान)

श्री राजो सिंह : बिहार वालों को क्यों नहीं बोलने दे रहे हैं?

... (व्यवधान)

आसन बिहार से इतना नाराज क्यों है?

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : हम सभी लोगों को बोलने देते हैं।

श्री गंगा चरण राजपूत : लैटूरा बांध में भारी सिल्टिंग आ गई है। उसकी कैपेसिटी कम हो गई है। इस कारण नहरों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विराट सागर बांध परियोजना केन्द्र सरकार में लम्बित है। केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि विराट सागर बांध परियोजना को विश्व बैंक से स्वीकृति प्रदान कराई जाए और ३५० करोड़ रुपए उसे दिए जाएं जिससे बांध बनने से किसानों को पानी मिल सके।